कटैस्ट्रफी बॉण्ड

[स्रोत: बिज़िनेस स्टैण्डर्ड]

कटैस्ट्रफी बॉण्ड/आपदा बॉण्ड, जिन्होंने निवेशकों को पर्याप्त रिटर्न दिया है, अब जाँच के दायरे में हैं, क्योंकि उन्हें भय है कि उनके जोखिम-लाभ की गतिशीलता, विशेष रूप से कैरेबियन क्षेत्र में जारीकर्त्ताओं के लिये अनुचित रूप से नुकसानदेह हो सकती है।

- आपदा बॉण्ड या **कैट बॉण्ड** वित्तीय साधन हैं जो **महत्त्वपूर्ण आपदाओं के जोखिम को वहन करने के बदले निवेशकों को उच्च रिटर्न देते हैं।** ये बॉण्ड सामान्यतः बीमा कंपनियों या सरकारों द्वारा **[तूफान], [भूकंप] या [बाढ़]** जैसी विनाशकारी घटनाओं हेतु अतिरिक्त कवरेज प्राप्त करने के लिये जारी किये जाते हैं।
  - कटैस्ट्रफी बॉण्ड **निवेशकों को आवधिक ब्याज भुगतान प्राप्त करने की अनुमति देते हैं**, लेकिन यदि कोई पूर्वनिर्धारित आपदा घटित होती है, तो **बॉण्ड के मूलधन का उपयोग जारीकर्त्ता के नुकसान को कवर करने के लिये किया जाता है।**
  - भुगतान की शर्तें बॉण्ड अनुबंध में परिभाषित **ट्रिगर्स पर आधारित होती हैं** जो **पैरामीट्रिक** (जैसे पवन की गति) या **क्षतिपूर्ति** (जैसे बीमाकर्त्ताओं द्वारा बताए गए वास्तविक नुकसान के आँकड़े) हो सकती हैं।
- हाल ही में जमैका में कटैस्ट्रफी बॉण्ड ने दोहरे अंकों में लगभग 15% का औसत रिटर्न दिया है, जबकि **जारीकर्त्ताओं को काफी अधिक लागत का सामना करना पड़ रहा है।**
  - जमैका द्वारा जारी बॉण्ड को लागू नहीं किया गया, जबकि तूफान बेरिल के बाद **द्वीप को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया गया था,** जिससे बॉण्ड की शर्तों पर सवाल खड़े हुए थे।
- कैरेबियाई शासनाध्यक्ष आपदा बॉण्डों और बीमा-संबंधी प्रतिभूतियों की निष्पक्षता व बाज़ार चयन का आकलन करने के लिये उनकी जाँच की मांग कर रहे हैं।

और पढ़ें: कटैस्ट्रफी बॉण्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/catastrophe-bonds